आज समाज 20/03/2025

# गणित का उपयोग- दैनिक जीवन से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक : डॉ. रोहित दत्त

**आज समाज नेटवर्क**

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज, अंबाला छावनी में आज गणित विभाग द्वारा कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त के दिशा निर्देशन में वर्कशॉप का सफल आयोजन किया गया। वर्कशॉप का मुख्य विषय "प्रॉब्लम सॉल्विंग इन मैथेमेटिक्स" रहा। कार्यक्रम में मुलाना विश्वविद्यालय, मुलाना के गणित विभाग के प्रो(डॉ) विशाल गुप्ता ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। कार्यक्रम के आरंभ में गणित विभागाध्यक्ष एवं कार्यक्रम की कनवीनर डॉ पिंकी, को-कनवीनर प्रो सुजाता एवं कॉर्डिनेटर डॉ राजेश सैनी ने मुख्य वक्ता का स्मृति चिह्न दे कर स्वागत किया।

कॉलेज प्राचार्य डॉ रोहित दत्त ने गणित की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गणित ही एक मात्र ऐसा विषय है जो दैनिक जीवन से लेकर आज के समय की मांग आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तक उपयोग में आता है। गणित का विद्यार्थी अपनी तार्किक क्षमता के आधार पर किसी भी क्षेत्र में मार नहीं खा सकता। डॉ विशाल गुप्ता ने वर्कशॉप में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को गणित विषय की महत्ता से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि गणित में प्रॉब्लम सॉल्विंग यानी कि समस्या समाधान एक महत्वपूर्ण कौशल है जो आपको वास्तविक दुनिया की समस्याओं को हल करने और गणितीय अवधारणाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। सबसे पहले, समस्या को ध्यान से पढ़ें और समझें कि क्या पूछा जा रहा है। समस्या को हल करने के लिए एक योजना बनाएं। आप कौन से गणितीय अवधारणाओं और सूत्रों का उपयोग करेंगे। तत्पश्चात योजना के अनुसार समस्या को हल करें। नियमित अभ्यास से आपकी समस्या समाधान कौशल में सुधार होता है। विद्यार्थियों को आगे जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गणितीय पहेलियाँ समस्या समाधान कौशल को विकसित करने का एक मजेदार तरीका हो सकती हैं। नियमित अभ्यास और तार्किक तर्क का उपयोग करके, आप अपनी समस्या समाधान कौशल में सुधार कर सकते हैं।



उपस्थिति को संबोधित करते मुख्यवक्ता। आज समाज

कार्यक्रम के अंत में प्रश्नोत्तरी सत्र का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने मुख्य वक्ता से विषय संबंधी प्रश्न पूछे एवं सांत्वना जनक उत्तर प्राप्त किए। कार्यक्रम के अंत में डॉ राजेश सैनी ने मुख्य वक्ता का कॉलेज में आकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग के सभी सदस्यों प्रो शिवानी निझावन, प्रो अर्चना जैन एवं प्रो अर्चना जैन, कॉलेज के एम एस सी गणित के प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के सभी विद्यार्थियों सहित डीएवी कॉलेज, अंबाला शहर, एस डी कॉलेज, अंबाला छावनी एवं गवर्नमेंट कॉलेज, अंबाला छावनी के गणित के विद्यार्थी विशेष रूप से उपस्थित रहे एवं मुख्य वक्ता के संभाषण से लाभान्वित हुए।